प्रेस नोट

दिनांक 20.02.2026

रिजर्व पुलिस लाइन्स, हमीरपुर में 05 दिवसीय साइबर सुरक्षा एवं एआई प्रशिक्षण संपन्न।

पुलिस तकनीकी मुख्यालय के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर्स की तकनीकी दक्षता में अभिवृद्धि हेतु 05 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण दिनांक 16.02.2026 से 20.02.2026 तक रिजर्व पुलिस लाइन्स, हमीरपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन श्रीमान चित्रकूटधाम रेंज, बाँदा के पुलिस उपमहानिरीक्षक (DIG) एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में किया गया। प्रशिक्षण का संचालन रेंज कोऑर्डिनेटर धरमवीर सिंह एवं जिला कोऑर्डिनेटर द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को Introduction to Cyber Security, Networking Basic एवं Introduction to AI जैसे समसामयिक एवं अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित किया गया, जिससे सभी प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित हो सकी।

इस दौरान साइबर सुरक्षा के मूल सिद्धांत, साइबर अपराधों की प्रकृति, नेटवर्किंग की आधारभूत संरचना, डाटा सुरक्षा के उपाय, साइबर खतरों की पहचान एवं उनसे बचाव की रणनीतियाँ, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) की प्रारंभिक अवधारणाओं पर व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही, आधुनिक तकनीकी उपकरणों के प्रभावी उपयोग पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के उपरांत आयोजित मूल्यांकन में कम्प्यूटर ऑपरेटर/ डी0सी0 ओमवीर सोलंकी को सर्वोत्तम सर्वांक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल करने पर सम्मानित किया गया।